कार्यालय जनपद न्यायाधीश, वाराणसी।

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के परिपत्र सं0 14/एडमिन 'डी' सेक्शन दिनांकित 15.10.2022 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायालय वाराणसी में अस्थाई रूप से तृतीय एवम् चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के पद पर पुनर्नियुक्ति निम्नलिखित शर्तों के अधीन की जानी है।

1. पुनर्नियुक्ति अधिकतम एक वर्ष के लिए की जानी है। यहाँ यह भी स्पष्ट किया जाता है कि उपरोक्त पुनर्नियुक्ति जिस पद के सापेक्ष की जायेगी वह पद सीधी भर्ती होने पर, रिक्तियां भरे जाने की स्थिति में अथवा पदोन्नति होने की दशा में रिक्तियां भरे जाने पर अथवा सम्बन्धित कर्मचारी की आयु 65 वर्ष पूर्ण होने की तिथि पर, जो भी पहले हो सेवा तत्काल् प्रभाव से समाप्त हो जायेगी।

2. इस पुनर्नियुक्ति के दौरान अन्तिम आहरित वेतन की धनराशि से वर्तमान पेंशन की धनराशि को घटाते हुए शेष धनराशि परिलब्धियों के रूप में अदा की जायेंगी।

3. पुनर्नियुक्त किये गये कर्मचारी के ऊपर सरकारी सेवा आचरण नियमावली 1956 के प्राविधान लागू होंगे तथा सेवा के दौरान कार्य असन्तोषजनक पाये जाने पर पुनर्नियुक्ति तत्काल् प्रभाव से समाप्त कर दी जायेगी।

4. सम्बन्धित कर्मचारी के पुनर्नियुक्त के समय कर्मचारी का पूर्व रिकार्ड और उसकी वार्षिक चरित्र पंजिका को ध्यान में रखते हुए उसे नियुक्ति प्रदान की जायेगी।

अतः समस्त सेवानिवृत्त तृतीय एवम् चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के कर्मचारीगण को सूचित किया जाता है कि यदि वे पुनर्नियुक्ति हेतु इच्छुक हो तो अपना आवेदन पत्र दिनांक 03–06–2024 तक प्रशासनिक कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे ।

आदेश की प्रति नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जावे, तथा वाराणसी जजशीप के अधिकारिक बेबसाइट पर अपलोड किया जावे ।

जनपद न्यायाधीश
वाराणसी। 18/5/2024

माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र सं0 14/एडमिन 'डी' सेक्शन दिनांकित 15.10.2022 तथा जनपद न्यायाधीश के आदेश सं0 200/2022 नवम्बर 01, 2022 के अनुपालन में ....पद पर पुनर्नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

<u>आवेदित पद का नामः</u>.......................................

फोटो

1. आवेदक का नामः..
2. पिता/पति का नामः..
3. जन्म तिथिः.. (आयु 65 वर्ष से कम हो)
4. लिंगः.. (पुरूष/महिला)
5. वर्तमान पताः..

....

....जनपदः..

स्थायी पताः..

....

....जनपदः...

शैक्षणिक योग्यताः...

6. श्रेणीः..

(सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक)

7. मोबाइल नं0:..
8. विभाग का नाम जहाँ से सेवानिवृत्त हुएः...
9. सेवानिवृत्ति का दिनांकः...
10. फिटनेस प्रमाण–पत्रः...
11. पहचान पत्रः..

(आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि)

<u>घोषणा</u>

मैं एतद्द्वारा यह घोषणा करता/करती हूँ कि मैं उपरोक्त आवेदित पद पर पुनर्नियुक्ति प्राप्त करने का इच्छुक हूँ। उपरोक्त अंकित तथ्य मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य है। इसका कोई अंश असत्य नहीं है, यदि कोई अंश असत्य पाया जाता है तो मेरी नियुक्ति निरस्त की जा सकती है। उस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

दिनांकः (अभ्यर्थी का हस्ताक्षर)

स्थानः

Approved

13/5/2024